महिलाओं के शरण-स्थल

घरेलू और पारिवारिक हिंसा से बचने के लिए बाहर निकलने वाली महिलाओं और बच्चों के लिए अल्प-कालिक, सुरक्षित और सहायता प्राप्त संकटावस्था निवास-स्थान प्रदान करते हैं।

सुरक्षा योजना

यदि आप तत्काल ख़तरे में हैं तो

000

पर फोन करें।

संयुक्त महिला शरण-स्थल संगठन (CWRG) दक्षिण पूर्व क्वींसलैण्ड में घरेलू और पारिवारिक हिंसा आश्रय क्षेत्र के हितों और चिंताओं का प्रतिनिधित्व करने वाला एक संगठन है।

हम महिलाओं और बच्चों के हिंसा मुक्त जीवन जीने के अधिकार की वकालत करने के लिए घरेलू और पारिवारिक हिंसा शरण-स्थलों को एकजुट करते हैं।

www.cwrg.org

इस ब्रोचर की रचना व निर्माण के लिए निधि ऑस्ट्रेलिया'स सीईओ चैलेंज द्वारा प्रदान की गई है।

www.challengeDV.org

चित्र निरूपण एलएम स्ट्रेंजवेज़ द्वारा। अनेक सँस्कृतियाँ, एक यात्रा

COMBINED WOMEN'S REFUGE GROUP

CWRG

(प्रश्नवउत्तर

घरेलू और पारिवारिक हिंसा क्या होती है?

घरेलू और पारिवारिक हिंसा में विभिन्न प्रकार के व्यवहार शामिल हैं जो जान-बूझकर दूसरों पर अधिकार हासिल करने के लिए किए जाते हैं। यह तरह-तरह के रिश्तों में होती है, जिनमें अंतरंग साथी, देखभालकर्ता तथा परिवार के अलग-अलग सदस्य भी शामिल हैं। घरेलू हिंसा में विभिन्न प्रकार क नियंत्रणकारी व्यवहार शामिल हैं, जिनमें शारीरिक दुर्व्यवहार, धमकियाँ देना तथा डराना और/या इस बात पर नियंत्रण रखना कि आप कहाँ जाती हैं और किससे मिलती हैं।

महिलाओं के शरण-स्थल क्या होते हैं?

महिलाओं के शरण-स्थलों में उन महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित निवास-स्थान और व्यवहारिक सहायता प्रदान की जाती है जिन्हें हिंसक परिस्थितियों से बाहर निकलने की ज़रुरत होती है।

कभी-कभी इन्हें महिलाओं का पनाहगाह, सुरक्षित घर या छुपने के गुप्त स्थल भी कहा जाता है।

शरण-स्थल थोड़े अलग तरह के होते हैं, परंतु उन सभी में आपको खाना पकाने और आपके बच्चों की देखभाल करने के लिए जगह दी जाती है। कुछ शरण-स्थलों में रसोई साझा होती है; लेकिन, परिवारों के पास सोने के लिए हमेशा निजी स्थान होता है।

आपको क्या करना चाहिए?

- डीवीकनेक्ट या पुलिस से घरेलू हिंसा आदेशों के बारे में बात करें।
- इस बात पर सावाधानी-पूर्वक विचार करें कि आप अपनी योजना के बारे में, बच्चों और दोस्तों सहित, किसे बतायेंगी।
- यह तय करें कि अगर आपको महसूस हो कि आपको डराया जा रहा है या आप ख़तरे में हैं तो आप किसे फोन करेंगी और कहाँ जाएँगी।
- आपनी योजना बनाते समय अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में भी सोचें।
- परिवहन के लिए पैसे बचाकर रखें और घर तथा कार की अतिरिक्त चाबियाँ अपने पास रखें।
- महत्वपूर्ण फोन नंबरों की एक सूची अपने पास रखें, जैसे कि टैक्सी या स्थानीय पुलिस के फोन नंबर।
- एक थैले में कुछ कपड़े और दवाईयाँ पैक कर लें
- अतिरिक्ता चाबियाँ और महत्वपूर्ण कागज़ातों (जैसे कि पासपोर्ट, जन्म प्रमाण-पत्र तथा विवाह प्रमाण-पत्र आदि) की प्रतियाँ किसी ऐसे व्यक्ति के पास रखें जिस पर आपको भरोसा हो।
- उन वस्तुओं की सूची बनाएँ जिन्हें आप वापस पाना चाहती हैं।

सुरक्षा योजना बनाने का सबसे अच्छा तरीका यह होता है कि उसे सहायता के सेवा के साथ मिलकर बनाया जाए। डीवीकनेक्ट को 1800 811 811 पर फोन करें।

यदि आप तत्काल ख़तरे में हैं तो

000

पर फोन करें।

डीवीकनेक्ट विमेन्सलाइन
24-घंटे संकटावस्था सहायता

1800 811 811 • www.dvconnect.org

डीवीकनेक्ट मुफ्त में घरेलू और पारिवारिक हिंसा सहायता लाइन उपलब्ध कराता है।

डीवीकनेक्ट आपको आकस्मिक परिवहन और सुरक्षित निवास-स्थान तक पहुँचाकर घरेलू हिंसा से बचकर निकलने में आपकी सहायता कर सकता है।

क्या महिलाओं के शरण-स्थल विश्वसनीय और सुरक्षित होते हैं?

हाँ, सभी शरण-स्थलों का पता और टेलिफोन नंबर अत्यंत गोपनीय होता है, और शरण-स्थलों में सुरक्षा-व्यवस्था होती है।

महिलाएँ और बच्चे शरण-स्थलों में कितने समय तक रह सकते हैं?

शरण-स्थलों में महिलाओं और बच्चों को जितनी ज़रुरत हो उतने समय के लिए निवास स्थान दिया जाता है।

क्या महिलाओं के शरण-स्थलों में किराया लिया जाता है?

किराया आपकी आय के 25% से ज़्यादा नहीं होता और निजी परिस्थितियों पर हमेशा विचार किया जाता है।

मुझमें एक अक्षमता है। क्या मैं शरण-स्थल में पहुँच सकती हूँ?

हाँ। शरण-स्थलों में सुलभ (एक्सेसिबल) निवास-स्थान होते हैं। डीवीकनेक्ट को फोन करें और अपनी ज़रुरतों के बारे में बताएँ।

मेरे पालतू पशु का क्या होगा?

बहुत से शरण-स्थलों में पालतू पशुओं के अनुकूल निवास-स्थान होते हैं। नहीं तो, आरएसपीसीए आपके पालतू पशू की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसको किसी के घर में पालने की व्यवस्था करने में सहायता कर सकता है।